अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में दिनांक 20 फरवरी 2016 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की 13वीं बैठक हुई जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के साथ प्रकोष्ठ के विशेषज्ञ डॉ० एस.के. चक्रवर्ती, श्री एम.सी. मित्तल, श्री लोकेश अग्रवाल और महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित थे. इस बैठक के संयोजक डॉ० मनोज शुक्ला थे. उन्होंने बैठक में सभी सदस्यों के समक्ष रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि महाविद्यालय में सभी सकारात्मक गतिविधियाँ गुणात्मक सुधारों को केन्द्र में रखकर नियमित रुप से सम्पन्न हो रही हैं.

इस बैठक में "राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद" द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए आगे के शैक्षणिक सत्रों के लिए रोडमैप तैयार करने के विषय में परिचर्चा हुई. ताकि महाविद्यालय में और भी गुणात्मक परिवर्तन किए जा सकें और महाविद्यालय को "विशिष्टता केन्द्र" के अगले स्तर तक पहुँचाया का सके. अनुसूचित/अनुसूचित जन जाति/पिछड़ी जाति तथा अल्पसंख्यकों के लिए अतिरिक्त सहायक कक्षाएँ प्रारम्भ कर दी गई है. प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी कोचिंग कक्षाएँ महाविद्यालय में चल रही है.